जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 29
दिनांक 14.02.2024

जनेकृविवि में बसंत पंचमी की रही धूम

कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग एवं मृदा विज्ञान विभाग में मनाई गई बसंत पंचमी

जबलपुर 14 फरवरी, 2024। कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग में एईआर अनुभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली की सलाहकार डॉ. प्रमोदिता सतीश के मुख्यआतिथ्य एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी सरस्वती माता की विधि पूर्वक पूजन–अर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर सलाकार डॉ. प्रमोदिता सतीश एवं कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा,अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव एवं विभाग के समस्त वैज्ञानिक,कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा पूजन–अर्चन कर ज्ञान की देवी सरस्वती मां की अराधना की गई। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय से डॉ. संजीव कुमार, संचालक अनुसंधान सेवायें से डॉ. जे.पी. लखानी, कृषि महाविद्यालय,जबलपुर के पूर्व अधिष्ठाता सेवानिवृत्त डॉ. आर.एम.साहू, डॉ. दीपक राठी, कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री डी.आर.महोबिया, प्रो. एन.डी. पैंडसे सहित अन्य उपस्थित रहे।

गवर्निंग बॉडी की बैठक– वहीं आज महत्वपूर्ण गवर्निंग बॉडी की बैठक का आयोजन एईआर अनुभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली की सलाहकार डॉ. प्रमोदिता सतीश के मुख्यआतिथ्य एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर डॉ. दीपक राठी ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से तकनीकी, आर्थिकी और फायनेंशियल सहित अन्य बिंदुओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही इस अवसर पर एईआर अनुभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली की सलाहकार डॉ. प्रमोदिता सतीश एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

मृदा विज्ञान विभाग में बंसत पंचमी– मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग में भी बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. पी.एस. कुल्हाड़े की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा–अर्चना कर शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति एवं प्रगति की कामना की। इस अवसर पर डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. एच.के. राय, डॉ. बी.एस.द्विवेदी,डॉ. जी.एस. टैगोर, डॉ. ए.के. उपाध्याय, डॉ. आर.के. साहू सहित विभाग के वैज्ञानिक,कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।